दिनांकः 24.09.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल बांसवाड़ा दौरे का कार्यक्रम–नापला गांव से 1 लाख 8 हज़ार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग में तीन नये सदस्यों की नियुक्ति–आयोग में अब सदस्य संख्या सात हुई।
- प्रदेश में 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से अब तक 37 लाख से ज्यादा लोग लाभान्वित।
- एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश से–ये सुपर फोर मैच जीतने वाली टीम फाइनल में जगह बनाएगी।

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कल बांसवाड़ा दौरे का कार्यक्रम है। श्री मोदी जिले के नापला गांव में 2800 मेगावॉट की माही–बांसवाड़ा परमाणु विद्युत परियोजना का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही 1 लाख 8 हज़ार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। इनमें राज्य सरकार के 30 हज़ार करोड़ रुपये के 48 विकास कार्य शामिल हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर से नई रेलगाड़ियों को भी वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके अलावा 15 हज़ार युवाओं को सरकारी नौकरियों के नियुक्ति पत्र वितरित किये जाएंगे।

................

प्रदेश में पशु रोग नियंत्रण और टीकाकरण अभियान की कल से शुरूआत हुई। 23 नवम्बर तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने किया। पाली में पिंजरापोल गौशाला में हुए कार्यक्रम में श्री कुमावत ने कहा कि आने वाले समय में खुरपका–मुंहपका रोग को पूरी तरह खत्म करने के प्रयास किये जाएंगे।

..................

राजस्थान लोक सेवा आयोग में तीन नये सदस्यों की नियुक्ति की गई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े की मंजूरी के बाद कल राज्य सरकार ने इस बारे में आदेश जारी किये। इसके अनुसार पूर्व आईपीएस हेमंत प्रियदर्शी और डॉ. सुशील कुमार बिस्सू तथा डॉ अशोक कुमार कलवार को सदस्य बनाया गया है। इनकी नियुक्ति के साथ ही आयोग में अब सदस्यों की संख्या सात हो गई है। वहीं तीन पद अभी भी खाली हैं। वर्तमान में आयोग में संगीता आर्य, लेफ्टिनेंट कर्नल केसरी सिंह राठौड़, प्रोफेसर अयूब खान और कैलाश मीणा कार्यरत हैं। इससे पहले, पूर्व डीजीपी यूआर साहू को आरपीएससी का अध्यक्ष बनाया गया था।

..................

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कल प्रदेशभर में कई कार्यक्रम होंगे। इसे स्वच्छता दिवस के रूप में भी मनाया जाएगा। 109वीं जयंती के मौके पर पंडित दीनदयाल राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर जयपुर के धानक्या रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर श्रमदान भी किया जाएगा। हनुमानगढ़ में कल से वोकल फोर लोकल थीम पर स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है। 2 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में एक जिला–एक उत्पाद से जुड़ी इकाईयां भाग लेंगी। वहीं सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म का आयोजन भी किया जा रहा है। भरतपुर की दर्शक शिवानी दायमा ने कहा कि ये फिल्म हमें संघर्ष, सेवा और कर्मठता की सीख देती है।

................

राज्य सरकार ने आरजीएचएस योजना के प्रभावी संचालन और पारदर्शिता के लिए कई कदम उठाये हैं। इसी दिशा में योजना के तहत यूरोलॉजी में कम संख्या में पैकेज बुक करने वाले 50 अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि जो अस्पताल योजना के प्रावधानों के अनुसार रोगियों का उपचार करने में आनाकानी करते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

.....................

देशभर में चल रहे 'स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार' अभियान से लाखों लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का फायदा मिल रहा है। इधर, प्रदेश में इस अभियान के तहत अब तक 37 लाख से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि इसके तहत मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 17 सितम्बर से शुरू हुए इस अभियान के तहत राज्य में 1 लाख 8 हजार से ज्यादा जांच और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें करीब 7 हजार विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं वाले शिविर भी शामिल हैं। इन शिविरों में एनिमिया, बीपी, डायबिटीज़, कैंसर जांच तथा पोषण और अन्य परामर्श दिया जा रहा है। चिकित्सा मंत्री ने बताया कि इसके साथ ही अब तक 618 रक्तदान शिविरों के माध्यम से करीब 39 हजार यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है।

..................

प्रदेश में चल रहे जीएसटी बचत उत्सव के तहत लोगों को कर सुधार से होने वाले फायदों के बारे में बताया जा रहा है। इस उत्सव में व्यापारिक संस्थाओं, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद और बैठकें कर उन्हें सीधे उपभाक्ताओं तक फायदा पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि ग्रामीण और शहरी सेवा शिविरों में भी लोगों को नये जीएसटी सुधारों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

..................

देवी दुर्गा की उपासना को समर्पित शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन आज उनके चंद्रघंटा स्वरूप की आराधना की जा रही है। नवरात्रि के दौरान प्रदेशभर में धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। अलवर में बाला किला स्थित करणी माता मंदिर में चल रहे मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवक हो रही है। वहीं पांडालों में गरबा और डांडिया की भी धूम है। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है।

.........................

एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भारत का मुकाबला बांग्लादेश की टीम से होगा। ये टी–20 मैच दुबई क्रिकेट स्टेडियम में रात आठ बजे से खेला जाएगा। इसमें विजेता टीम फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगी। दोनों ही टीमें सुपर फोर चरण का अपना पहला मैच जीत चुकी हैं। भारत ने टूर्नामेंट में दूसरी बार पाकिस्तान को शिकस्त दी, जबकि बांग्लादेश ने श्रीलंका को हराया। इससे पहले कल सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान ने श्रीलंका को 5 विकेट से हराया। अबू धाबी स्थित शेख जायद स्टेडियम में हुए इस मैच में पाकिस्तान ने श्रीलंका के 133 रनों के लक्ष्य को 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया।